दिल्ली प्रशासन के व्यावसायिक शिक्षा केन्द्रों में साधनों की कमी

2468. **श्री सोहन लाल धूसिया** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन व्यावसायिक शिक्षा केन्द्रों को सुचारू रूप से चलाने के लिए साधन सम्पन्न नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी०वी० नरसिंह राव) : (क) दिल्ली प्रशासन द्वारा कोई व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम नहीं चलाये जाते हैं ।

तथापि, 49 सरकारी/सरकारी सदस्यता प्राप्त स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जो पर्याप्त रूप से सुसज्जित हैं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

दिल्ली में व्यावसायिक शिक्षा में धीमी प्रगति

2469. **श्री सोहन लाल धसिया** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नयी शिक्षा नीति के प्रारुप में व्यावसायिक शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान होते हुए भी जितनी उन्नति अन्य राज्यों में इस संबंध में हो रही है उतनी दिल्ली में नहीं हो रही ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) दिल्ली में ऐसे कितने स्कूल है जिसमें व्यावसायिक शिक्षा का कार्यक्रम बिना अर्हता प्राप्त शिक्षकों के चल रहा है ;

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में इन स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षकों के पदों को भरने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) (क) से (ग) जी हां, दिल्ली में इंजीनियरी कालेजों, कला कालेजों, फार्मेसी कालेजों, पालिटैक्निकों और आई० टी० आई के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा के समुचित पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं । दिल्ली प्रशासन के अधीन 49 स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं । यह सच है कि व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में सुधार करने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है । कुछ सुधारों का नीचे उल्लेख किया जाता है :

(i) पाठ्यक्रम के डिजाइन और शिक्षण पठन सामग्री में सुधार करने की आवश्यकता है ।

(ii) व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित छात्रों को महत्व देने के लिए भर्ती नियमों को संशोधित करने की आवश्यकता है ।

(iii) उच्चतर व्यावसायिक पाठयक्रम में सम्पर्क स्थापित करने की आवश्यकता है ।

(iv) व्यावसायिक शिक्षा के बाद उद्यमों शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है ।

(v) व्यावसायिक शिक्षा के शिक्षण संबंधी प्रबंधों में सुधार करने की आवश्यकता है ।

(vi) और (ङ) नियमित शिक्षकों की व्यवस्था एक सतत प्रक्रिया है । दिल्ली प्रशासन नए शैक्षिक सत्र में यथा अपेक्षित अधिक अध्यापकों की व्यवस्था करेगा ।

Underground telephone exchanges

2470. SHRI K. GOPALAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up under ground telephone exchanges in the country;